तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

गलत तरीके से पैसों की धोखाधड़ी करने वालों पर करें... 12



सोनीपत-सालासर रूट पर चलने वाली रोडवेज बस... 12



## खबर संक्षेप

### विकास नगर से 16 वर्षीय किशोर लापता

**गोहाना।** विकास नगर का 16 वर्ष का हर्ष लापता हो गया। वह नौवीं कक्षा में पढ़ता है। उसके पिता सोनू ने शहर थाना में केस दर्ज कराया। उसने पुलिस को बताया कि उसका बेटा 27 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे घर से बाजार सामान लेने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। स्वजन ने उसकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। पिता ने आशंका जताई कि किसी ने हर्ष को छुपा रखा है।

### नाबालिग को अगवा करने का आरोपित काबू

**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने शादी की नियत से नाबालिग लड़की को अगवा करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित संतोष निवासी हमीरपुर उत्तरप्रदेश है।

पुलिस के अनुसार 20 जनवरी 2026 को जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना राई में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी 20 जनवरी को शाम के समय तकरीबन 3.30 बजे घर से किसी काम के लिए मेडिकल स्टोर पर गई थी लेकिन जब काफी समय बाद बेटी वापिस नहीं आई तो उन्होंने आस-पास काफी तलाश किया पर उसके बारे कुछ भी पता नही चला।

### बाल विवाह और साइबर फ्रॉड की जानकारी दी

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न गांवों में नालसा मानव तस्करी एवं व्यावसायिक यौन शोषण पीड़ित योजना 2015, बाल विवाह मुक्त भारत तथा साइबर फ्रॉड विषयों पर जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर ग्राम चटिया ओलिया में पैनल अधिवक्ता विनोद शर्मा तथा ग्राम गढ़ी बख्तावर में पैनल अधिवक्ता चैतन्य द्वारा आयोजित किए गए, जिनमें जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी कार्यालय से राजेश और एमडीडी ऑफ इंडिया एनजीओ की सहभागिता रही।

### प्लॉट को लेकर तीन को लाठी डंडों से पीटा

**खरखौदा।** उप मंडल के गांव सोहटी में प्लाट में नींव खुदाई को लेकर कुछ अज्ञात युवकों ने तीन व्यक्तियों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। घायलों को खरखौदा के सरकारी अस्पताल में लाया गया। गहरी चोटों को देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया गया। नीरज ने सैदपुर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुबह जब वह अपने प्लाट पर गया तो वहां देखा कि उसके प्लाट




# बच्चों से स्कूल में कूड़ा उठवाने के मामले ने पकड़ा तूल, अभिभावक बोले-यह गलत

**ग्रामीण ने कहा-**बच्चों से डिस्पोजेबल जूठी प्लेटें उठवाकर कूड़ेदान में डलवाना शर्मनाक

**शिक्षक बोले-**स्कूल में भंडारा था, बच्चों ने खुद ही डिस्पोजल कूड़ेदान में डाली होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

बहालगढ़ के राजकीय मिडिल स्कूल में बच्चों के हाथों में किताबों की जगह बड़े कूड़ेदान थमाए जाने का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्कूल परिसर में बच्चों से डिस्पोजेबल जूठी प्लेटें उठवाकर कूड़ेदान में डलवाने और कूड़े के ढेर तक खाली करवाना शर्मनाक है। घटना से अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष देखा जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल में किसी कार्यक्रम के बाद फैले कूड़े को साफ कराने के लिए बच्चों को लगा दिया गया। बच्चों ने जूठी प्लेटें उठाकर कूड़ेदान में डालीं और फिर उन्हें कूड़े के ढेर तक ले जाकर खाली कराया। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल में सफाई के लिए निर्धारित कर्मियों या वैकल्पिक व्यवस्था के बजाय बच्चों से यह काम करवाना अमानवीय और नियमों के खिलाफ है। बच्चों को पढ़ाई के समय इस तरह के कार्यों में लगाना उनके मानसिक व शारीरिक विकास पर भी गलत असर डालता है। मामले के उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया है।

### टीचर सेवानिवृत्ति पर स्कूल में था कार्यक्रम, पता ही नहीं चला कब कूड़ा उठाने में लग गए : मुख्यध्यापिका

राजकीय मिडिल स्कूल बहालगढ़ की मुख्यध्यापिका संजना ने बताया कि स्कूल के टीचर ने सेवानिवृत होने पर स्कूल में भंडारा लगाया हुआ था उसमें बच्चों ने अपने आप ही डिस्पोजल प्लेट कूड़ेदान में डालकर डाल दी होगी, उन्हें नहीं पता लगा, बच्चे बहुत रोकने के बाद रुकते नहीं है। वे बच्चों से पूछताछ करेंगे कि किस स्टाफ ने बच्चों को कूड़ा उठाने के लिए बोला था।



### बच्चों से यह काम करवाना ठीक नहीं, दोषी शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी : बीईओ ऊषा

इस मामले में राई ब्लॉक की खंड शिक्षा अधिकारी उषा नैन ने बताया कि यह मामला बहुत ही शर्मनाक है ऐसा मामला हुआ है तो वह तुरंत स्कूल में जाकर इस मामले की जांच कर बच्चों से स्कूल में कूड़ा उठवा कर डालने वाले शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। शिक्षकों को बच्चों से ऐसा नहीं करवाना चाहिए बच्चे स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं।

### विदेशी हथियार उपलब्ध कराने के आरोपी को वारंट पर लाई पुलिस

**सोनीपत।** खालिस्तान समर्थित आतंकियों को विदेशी हथियार उपलब्ध कराने के आरोपी अमनदीप को सोनीपत पुलिस पंजाब की होशियारपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। उसे एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद दोबारा न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सोनीपत के तत्कालीन एसएसपी को पंजाब पुलिस व आईबी से मिले इनपुट के बाद सीआईए की टीम ने जुआं व राजपुर गांव से चार आरोपियों को 19 फरवरी, 2022 को पकड़ लिया था। जुआं गांव के सागर उर्फ बिन्नी, सुनील उर्फ पहलवान, जतिन और राजपुर के सुरेंद्र उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर एके-47, पांच विदेशी पिस्तौल व एक देशी पिस्तौल बरामद की गईं थीं।

## जल्द ही नए भवन में बुकिंग कार्यालय व काउंटरों की होगी शुरुआत

# सोनीपत स्टेशन के पुराने भवन की रेनोवेशन में जुटा रेलवे, सौंदर्यीकरण को मिलेगा बढ़ावा

- *29 करोड़ रुपये से नवीनीकरण के कार्य जारी , सुविधा जल्द*
- *पुराने भवन की भी मरम्मत कर कमियां की जाएंगी दूर*

सोनीपत स्टेशन पर व्यावसायिक केंद्र, फूड प्लाजा, प्रतीक्षालय, सुविधाजनक बुकिंग कार्यालय, बड़ा प्रतीक्षालय हॉल, ऑटोमेटिक लाइट सिस्टम, आधुनिक शेड, दिव्यांग लोगों की सुविधा के लिए प्रवेशद्वार पर रैंप जैसी सुविधाएं हो रहीं तैयार

रविंद्र ठाकुर ▶▶| सोनीपत

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर प्रथम चरण में 29 करोड़ रुपये से नवीनीकरण के कार्य जारी हैं। रेलवे ने योजना के तहत अब निर्माणाधीन नए भवन के साथ पुराने भवन में रेनोवेशन कार्य की शुरुआत भी कर दी है। पुराने भवन में मरम्मत संबंधी कार्य करवाकर छोटी-मोटी कमियों को दूर कर इसे नया रूप दिया जाएगा, ताकि सोनीपत स्टेशन के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिल सके। यात्रियों को स्टेशन पर होली के बाद एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए रेलवे ने मार्च तक कार्यों को पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है।

सोनीपत स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए नया साल आधुनिक सुविधाओं की सौगात भरा रहेगा। स्टेशन पर जल्द प्लेटफार्म नंबर 1 को ऊंचा करने के लिए स्टैंडर्ड हाइट बढ़ाने का कार्य भी शुरू किया जाएगा, ताकि यात्रियों को ट्रेनों में सवार होने व उतरने में सुविधा मिल सके। उक्त प्लेटफार्म को 2 व 4 के बराबर ऊंचा किया जाएगा। साथ ही यात्रियों व कर्मचारियों के लिए भवन पुनर्निर्माण के साथ एक और फुट ओवरब्रिज बनवाने के साथ स्वचालित सीढ़ियां व लिफ्ट लगवाने का कार्य किया जाएगा। दिल्ली के मंगोलपुरी की सफेद जालीदार शीट प्रवेश द्वार का सुंदरीकरण बढ़ावा देगी। नवीनीकरण के पश्चात स्टेशन पर पर्यटन स्थलों के बोर्ड संस्कृति से रूबरू करवाएंगे। साथ मुख्य द्वार पर पांडवों के नाम से बन रहे पांच गुबंद महाभारतकालीन याद दिलाएंगे।



सोनीपत। स्टेशन परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार पर निर्माणाधीन नए भवन के साथ बना पुराना भवन। *फोटो :हरिभूमि*



सोनीपत। स्टेशन के पुराने भवन में काम करते मजदूर।

### पीएम व रेल मंत्री ने वर्ष 2023 में रखी थी आधारशिला

सोनीपत स्टेशन पर वर्ष 2023 में प्लेटफार्म नंबर एक पर स्वचालित सीढ़ियां लगाकर नवीनीकरण कार्य की शुरुआत की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ 6 अगस्त, 2023 को वर्चुअल माध्यम से सोनीपत स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। रेलवे स्टेशन पर जल्द हाईटेक सुविधाएं मिलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। रेलवे स्टेशन पर प्रथम चरण के करीब 85 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। इनके अलावा सभी प्लेटफार्म पर प्लेटफार्म पर लिफ्ट, पांच स्वचालित सीढ़ियां, जल बूथ, आधुनिक शौचालयों स्टेशन की शोभा बढ़ाएंगे। रेलवे ने अधिकतर कार्यों को मार्च में पूरा करने का लक्ष्य रखा है, जबकि शेष कार्यों को दूसरे चरण में पूरा करवाया जाएगा।

### भवन व पार्किंग विस्तार के कार्य ने पकड़ी रफ्तार

मॉडल स्टेशन का दर्जा प्राप्त कर चुके सोनीपत स्टेशन पर 600 वर्ग मीटर में बने 45 फीट चौड़े भवन में एक साथ 450 यात्रियों के एकत्रित होने की व्यवस्था की गई है। साथ ही मुख्य द्वार के पास पार्किंग क्षेत्र के विस्तार का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यात्रियों को जल्द आधुनिक 12 फीट चौड़े फुट ओवरब्रिज की सौगात भी मिलेगी। आरपीएफ थाना के पास 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण पर 4.50 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। फुट ओवरब्रिज का निर्माण जालंधर की कंपनी से करवाया जा रहा है।

### मार्च 2026 तक सभी कार्य पूरा करने का लक्ष्य

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए करीब 85 फीसदी कार्य पूरे कर लिए गए हैं। फिलहाल नए भवन के साथ पुराने भवन की रेनोवेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके बाद प्लेटफार्म नंबर 1 की ऊंचाई बढ़वाई जाएगी। रेलवे ने मार्च 2026 तक सभी कार्यों को पूरा करवाने का लक्ष्य रखा है। प्रयास है कि यात्रियों को जल्द आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। **-पुष्पेश रमण त्रिपाठी,** डीआरएम, दिल्ली मंडल

### राई क्षेत्र में मध्यप्रदेश के 26 वर्षीय युवक का शव मिला

- मध्यप्रदेश के जिला भिंड के गांव सफाहरी निवासी दिवाकर शर्मा के रूप में हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के पानीपत-दिल्ली मार्ग पर गांव राई से आगे असावरपुर की ओर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने युवक के भाई के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में युवक की कपड़े से गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। राई थाना पुलिस को वीरवार को पानीपत-दिल्ली मार्ग पर गांव राई फ्लाईओवर से आगे सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी जसपाल सिंह व स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट प्रभारी अजय धनखड़ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस जांच में शव मध्यप्रदेश के जिला भिंड के गांव सफाहरी निवासी 26 वर्षीय दिवाकर शर्मा का मिला। पुलिस ने मामले की सूचना तुरंत उनके परिजनों को दी। साथ ही प्रारंभिक जांच में पुलिस को आशंका है कि दिवाकर की हत्या कपड़े से गला घोंटकर की गई है। उनके गले पर परने के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है।

### पत्नी की हत्या कर शव ड्रेन में फेंकने में पति को उम्रकैद

- अदालत ने हत्या और सबूत मिटाने के आरोप में सुनाया सख्त फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने पत्नी की हत्या कर शव को बोरे में डालकर ड्रेन नंबर-आठ में फेंकने के मामले में आरोपित विकास को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने हत्या के मामले में 30 हजार रुपये जुर्माना और सबूत मिटाने के आरोप में तीन वर्ष कैद व पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपित को आठ माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। मामले के अनुसार पानीपत के गांव लाखु बुआना निवासी राकेश ने 8 फरवरी 2021 को सिटी थाना गोहाना में शिकायत दर्ज कराई थी। राकेश ने बताया था कि उसकी बहन ज्योति की शादी करीब 12 वर्ष पहले सोनीपत के गांव फरमाणा निवासी विकास से हुई थी। विकास राजमिस्त्री था और घटना के समय वह ज्योति व बच्चों के साथ गोहाना के मुगलपुरा में किराए पर रह रहा था।

## कमांडो काजल हत्याकांड में नया खुलासा

# राज खुलने के डर से पति ने की थी कमांडो पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

दिल्ली पुलिस में तैनात बड़ी गांव की कमांडो काजल हत्याकांड में नए खुलासे सामने आए हैं। काजल के परिवार ने आरोप लगाया है कि पति अंकुर को अपने अवैध कामों के उजागर होने का डर था, इसी कारण उसने काजल की हत्या कर दी। परिवार के अनुसार, हत्या वाली रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसकी जानकारी काजल ने फोन पर अपने भाई निखिल को दी थी। निखिल ने बताया कि 22 जनवरी की रात काजल बेहद भावुक थी। उसने अपने करियर, कर्ज, आर्थिक दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियों और ससुराल में चल रहे तनाव को लेकर विस्तार से बातचीत की थी। उसने बताया कि शादी से पहले उसने 10 लाख रुपये का लोन लिया था, जिसमें से पांच लाख रुपये पति को दे दिए थे। देवर की शादी के लिए 15 लाख रुपये की ज्वेलरी और कार की किस्त भी वही भर रही थी। भाई निखिल ने दावा किया कि उसकी बहन काजल अपने पति अंकुर के कई राज जानती थी। वह मजाक में कह देती थी कि मेरठ कांड से तो बच गए, लेकिन अगर उसने राज उगल दिए तो मुश्किल हो जाएगी। मां मीना ने बताया कि अंकुर और उसका दोस्त रुड़की में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक केंद्र चलाते थे, जिस पर पेपर लीक और एक व्यक्ति की मौत के आरोप लगे थे। न बातों से अंकुर में डर बैठ गया था। आरोप है कि इसी डर के चलते अंकुर ने सिर में डंबल मारकर काजल की हत्या कर दी।



गन्नौर। मृतक कमांडो काजल अपने पति अंकुर के साथ फाइल फोटो।

### ससुराल वाले रंग-रूप को लेकर मारते थे ताने

परिवार वालों ने बताया कि काजल ने कालेज समय के मित्र अंकुर से प्रेम विवाह किया था, लेकिन ससुराल पक्ष उसे पसंद नहीं करता था। रंग-रूप को लेकर उसे ताने मारे जाते थे। ससुर ओमप्रकाश और ननद ने भी उसे मानसिक रूप से प्रताड़ति किया।

## बिजली कर्मियों ने भूख हड़ताल कर उठाई लंबित मांगें

- बिजली मंत्री के नाम एसई के प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर लंबित मांगों को लेकर वीरवार को कर्मचारियों ने प्रदेशभर के सर्कल कार्यालयों में सांकेतिक भूख हड़ताल कर नाराजगी जताई। सोनीपत सर्कल के कर्मचारियों ने कबीरपुर स्थित एसई कार्यालय परिसर में भूख हड़ताल की। जिसकी अध्यक्षता इकाई के प्रधान नितेश शर्मा, विकास दहिया, जितेंद्र व संचालन राज्य कमेटी के सदस्य सुरेश यादव ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने लंबित मांगों पर चर्चा कर 12 फरवरी को होने वाली हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया। साथ ही बिजली मंत्री के नाम एसई के प्रतिनिधि संजीव को ज्ञापन सौंपा।



सोनीपत। बिजली निगम के सर्कल कार्यालय में लंबित मांगों को लेकर हड़ताल के दौरान मौजूद ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य।

## ग्रुप-डी भर्ती का परिणाम जल्द घोषित करने की मांग

- 4078 से अधिक पद रिक्त, लंबे समय से बेरोजगारी झेल रहे हैं हजारों युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ग्रुप-डी भर्ती से संबंधित लंबित भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने और परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने जिला उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजा। अभ्यर्थियों ने बताया कि पूर्व में यह आश्वासन दिया गया था कि एक भी पद रिक्त नहीं छोड़ा जाएगा, इसके बावजूद वर्तमान में 4078 से अधिक पद खाली पड़े हैं, जो बेहद निराशाजनक है। अभ्यर्थियों का कहना है कि 2 जुलाई 2025 के बाद से अब तक न तो कोई अतिरिक्त चयन सूची जारी की गई और न ही प्रतीक्षा सूची प्रकाशित की गई है। इससे हजारों योग्य युवा लंबे समय से बेरोजगारी की स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि ग्रुप-डी भर्ती पर अनेक परिवारों की आजीविका निर्भर है और देरी के कारण अभ्यर्थियों को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



सोनीपत। जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचें अभ्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

## गर्भवती महिलाओं को जांच की रिपोर्ट नहीं मिलने से इलाज में आ रही बाधा

# नागरिक अस्पताल में प्रिंटर की इंक खत्म, बिना रिपोर्ट लौटे मरीज

- नागरिक अस्पताल में कभी प्रिंटर के खराब होने तो कभी इंक खत्म होने का मामला हो रहा उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित जिला नागरिक अस्पताल में जांच के बाद मिलने वाली रिपोर्ट के प्रिंटर की इंक खत्म होने के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जांच के बाद रिपोर्ट न मिलने से मरीजों का इलाज अधूरा रह रहा है। ऐसे में उन्हें बिना संतोषजनक उपचार के वापस लौटना पड़ रहा है। अस्पताल की इस अव्यवस्था से मरीजों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 1800 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें से करीब 500 मरीज ऐसे होते हैं, जो विभिन्न जांचों के बाद अपनी रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल आते हैं, लेकिन अस्पताल में लगे 18 नंबर रिपोर्ट प्रिंटर की इंक खत्म होने से कारण जांच के बाद मरीज रिपोर्ट प्रिंट मिलने से वंचित हैं। कई मरीज सुबह से अस्पताल में लाइन में लगकर जांच करवाते हैं, लेकिन रिपोर्ट न मिलने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इससे न केवल उनका समय व पैसा बर्बाद हो रहा है, बल्कि बीमारी के इलाज में भी देरी हो रही है। गर्भवती महिलाओं के लिए यह स्थिति और भी चिंताजनक बनी हुई है। नियमित जांच और रिपोर्ट के आधार पर ही उनकी सेहत की सही निगरानी की जाती है, लेकिन कभी प्रिंटर खराब तो कभी इंक की अव्यवस्था के चलते उन्हें भी पूरी जानकारी नहीं मिल पा रही है। कई महिलाओं को अगली तारीख देकर वापस भेजा जा रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में रिपोर्ट कक्ष के बाहर फैला सन्नाटा।

### जल्द होगा समाधान

रिपोर्ट कक्ष प्रिंटर का इंक खत्म होने की सूचना प्राप्त होने के मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। **-डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन,** नागरिक अस्पताल, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर आज

गोहाना। स्व. डॉ. भगवान दास सेतिया की स्मृति में आज रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर एक साथ आयोजित होंगे। शिविर शहर में पुराने बस अड्डे पर स्थित सेतिया नर्सिंग होम में आयोजित होंगे। रक्तदान शिविर में पीजीआई रोहतक की टीम आएगी। शिविर वातानुकूलित बस में आयोजित होगा। रक्तदान शिविर के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित होगा जिसमें ब्लड प्रैशर की जांच के साथ ईसीजी निःशुल्क होंगे।

### चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण कैंप का आयोजन

गन्नौर। आर्यवीर दल सोनीपत एवं ग्राम पबनेरा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पबनेरा में एक माह का चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में लगभग 150 आर्यवीर एवं वीरांगनाएं भाग ले रही हैं। शिविर के सायंकालीन सत्र में आचार्य संदीप आर्य ने शिविरार्थियों को आदर्श दिनचर्या अपनाने, नियमित विद्याध्ययन करने और माता-पिता के साथ अच्छा व्यवहार करने की प्रेरणा दी। उन्होंने युवाओं से बुराइयों से दूर रहकर संस्कारयुक्त जीवन जीने का आह्वान किया। यह शिविर एसपी, जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है, जिसका समापन 7 फरवरी को होगा। व्यायाम शिक्षक कनिष्क आर्य द्वारा प्रतिभागियों को लेझियम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार सहित विभिन्न शारीरिक व्यायामों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### राजकीय विद्यालयों के प्रबंधकों के सहयोग से जल्द देनी होगी जानकारी

# शिक्षा निदेशालय ने स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर सहित पीटीआई-डीपीई का मांगा ब्यौरा

**सभी विद्यालयों को एनआईएस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जल्द जानकारी मुहैया करवाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राजकीय विद्यालयों में शिक्षा के साथ खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रभारियों से खेल अवसंरचना (स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर) सहित पीटीआई व डीपीई का ब्यौरा मांगा है। इसके लिए सभी विद्यालयों को एनआईएस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जल्द जानकारी मुहैया करवाने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि विवरण संबंधी जानकारी मुहैया करवाने के लिए विद्यालयों को 23 जनवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन किसी विद्यालय ने संबंधित विवरण देने में अब तक कोई जहमत नहीं उठाई है। विद्यालय प्रबंधन तकनीकी खामी या किसी आशंका के चलते किसी भी कार्य दिवस में निदेशालय को ईमेल या हेल्पलाइन नंबर से मदद प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बजट सत्र 2025-26 में शिक्षित हरियाणा पहल के तहत प्रदेश की शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बनाने का लक्ष्य रखा है। इस पहल के अंतर्गत खेल शिक्षा केंद्र के विकास का प्रस्ताव भी रखा गया। इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले में तीन राजकीय मॉडल संस्कृति या पीएमश्री राजकीय विद्यालय को चयनित कर खेल शिक्षा केंद्र के रूप में परिवर्तित किया जाना है, ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेलों में भी निपुण बनाया जा सके। विद्यार्थी अपने मनपसंद खेल के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। इस प्रयास के लिए खासकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग, पंचकूला, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी व हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई से सहयोग की मांग की गई है। इसके लिए खासकर जिलास्तरीय कार्यान्वयन समिति का गठन भी किया गया है।



सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

» विवरण संबंधी जानकारी मुहैया करवाने के लिए विद्यालयों को 23 जनवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन किसी विद्यालय ने संबंधित विवरण देने में अब तक कोई जहमत नहीं उठाई।

### समिति के इन अधिकारियों को किया शामिल

सरकार ने जुलाई 2025 में प्रदेश के सभी जिलों में समितियों का गठन करने के निर्देश दिए थे। सभी जिलों में गठित की गई जिलास्तरीय कार्यान्वयन समिति में अतिरिक्त उपायुक्त को अध्यक्ष पद व जिला शिक्षा अधिकारी को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई हैं। इनके अलावा लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता, जिला खेल अधिकारी, शारीरिक शिक्षा शिक्षक, प्रशिक्षक, चयनित राजकीय स्कूलों के प्रधानाचार्य को सदस्य कार्यकारिणी में शामिल गया है। इनका कार्य खेल शिक्षा केंद्र के लिए चयनित विद्यालयों में सड़क, पर्याप्त जमीन, मौजूदा खेल अवसंरचना, खेल परिसर में योग्य शारीरिक शिक्षा शिक्षक व प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर तक प्रदेश का नाम चमका चुके खिलाड़ी

प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा का नाम रोशन कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों ने ओलंपिक, पैरालंपिक में भी अपनी छाप छोड़ी है। ऐसे में विद्यालय शिक्षा निदेशालय का उद्देश्य अब राजकीय विद्यालयों को भी खेलों के माध्यम से आगे आना है। शायद यही उद्देश्य है कि विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राजकीय विद्यालयों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानाचार्य व प्रबंधकों से उपलब्ध खेल अवसंरचना व पीटीआई-डीपीई संबंधी विवरण मांगा है। साथ ही विद्यालय प्रबंधकों को सबंधित विवरण जल्द ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही सहन नहीं

जिला के सभी राजकीय विद्यालय प्रबंधकों को संबंधित डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जिला सहायक खेल अधिकारी को खेल अवसंरचना, पीटीआई व डीपीई संबंधी जानकारी को समय पर पूर्ण करवाने के लिए कहा गया है। लापरवाही बरतने वाले विद्यालयों पर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

- नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी


खरखौदा। ग्रामीणों से संवाद करते कांग्रेस नेता। फोटो : हरिभूमि

# बारह वर्ष से विकास को तरसा खरखौदा : जयवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना को दोबारा से लागू करने की मांग को लेकर क्षेत्रीय कांग्रेस नेताओं ने लोगों से किया संवाद। पूर्व विधायक एवं पूर्व सीपीएस जयवीर वाल्मीकि व अन्य नेताओं ने गुरुवार को खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मटिंडू, पिपली व सिसाना का दौरा किया और इस अभियान में कांग्रेस का साथ देने का आह्वान किया। पूर्व विधायक ने कहा कि कोई भी भूखा ना रहे उसके लिए राशन की व्यवस्था करने को रोजगार मुहैया कराने की योजना चलाई गई थी।

भाजपा की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल और केवल अमीर व्यक्तियों का साथ देने के सिवाय कुछ नहीं किया। इसके विपरित गरीब आदमी की कमर तोड़ कर रख दी है। उन्हें न तो रोजगार मिल रहा है न ही भरपेट भोजन। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान देश में गरीब व्यक्ति को रोजगार देने के लिए मनरेगा स्कीम लागू की गई थी, ताकि कोई भी व्यक्ति काम से वंचित न रहे।

### कांग्रेस की लड़ाई में साथ देने का आह्वान

भाजपा सरकार ने आज उस योजना को ही बंद कर दिया। उनके सभी अधिकार छीन लिए गए हैं। कांग्रेस की सरकार में एक और स्कीम चलाई गई थी जिसमें यह नियम बनाया गया था की कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहेगा। प्रत्येक माह उसे राशन दिया जाएगा आज उस स्कीम को भी अब सरकार बदलने जा रही है। जिसमें प्रत्येक महीने की जगह 3 महीने में एक बार राशन दिया जाएगा। इससे साबित है यह भाजपा सरकार गरीब, मजदूर, किसान हर वर्ग की विरोधी है। योजनाओं को निरंतर लागू करने के लिए उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस की लड़ाई में साथ देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार केंद्र और प्रदेश में 12 साल हो गए हैं। खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं करवाया गया है। इस क्षेत्र में जो भी विकास कार्य करवाए गए, वे सभी कांग्रेस की सरकार रहते करवाए गए थे।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया, जोगिंद्र दहिया, सुरेंद्र शर्मा, सुनील पार्षद आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गलत ड्राइविंग और पार्किंग के दुष्परिणाम बताए

सोनीपत। सोनीपत ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अगस्त 2025 से जनवरी 2026 तक जिले भर में विशेष "राह वीर अभियान" चलाया गया। अभियान के दौरान जिले के प्रमुख हाईवे, चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं व्यस्त मार्गों पर वाहन चालकों, दोपहिया सवारों तथा पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। ट्रैफिक थाना मुरथल प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने आमजन को रॉग साइड ड्राइविंग एवं रॉग पार्किंग से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों—जैसे सड़क दुर्घटनाएं, यातायात जाम, आपातकालीन सेवाओं में बाधा तथा जन-धन की हानि—के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, जेब्रा क्रॉसिंग का सही प्रयोग तथा यातायात संकेतकों के सम्मान पर विशेष जोर दिया गया।



### वुशु चैंपियनशिप में दीपांशु ने जीता कांस्य पदक

खरखौदा। इंफाल, मणिपुर में आयोजित 69 वीं स्कूल नेशनल वुशु चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ी दीपांशु ने अंडर -19 वर्ग में 85 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। द्रोणाचार्य अवॉर्डी एवं स्कूल खेल निदेशक ओम प्रकाश दहिया प्राचार्या दया दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया व दिवस कटारिया ने दीपांशु को बधाई देते हुए स्वागत किया। प्रताप स्कूल के स्पोर्ट्स डायरेक्टर एवं द्रोणाचार्य अवॉर्डी ओम प्रकाश दहिया ने कहा कि विद्यालय में खेलों को शिक्षा के समान ही महत्व दिया जाता है। उन्होंने बताया कि स्कूल में खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। वर्तमान में 26 विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है प्राचार्या दया दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है।



### यूजीसी के नए नियमों का किया विरोध

गोहाना। यूजीसी नियम 2026 को लेकर देशभर में विरोध किया जा रहा है। गोहाना बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भी पहले विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा था। कुछ लोगों ने सुप्रीम कोर्ट ने में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने नए नियम पर फिलहाल रोक लगाते हुए केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। इस पर अधिवक्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा और वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्र सिंह भनवाला ने कहा कि यूजीसी के नए नियम से सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव और जातीय भेदभाव बढने की आशंका थी।



### नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए आयुष चयनित

गोहाना। राजस्थान में सम्पन्न राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के छात्र आयुष पुत्र अरविंद ने प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक जीत लिया। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए कर लिया गया इस प्रदर्शन के लिए गुरुवार को विद्यालय में उनको सम्मानित किया गया। राजस्थान अमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा 20 से 24 जनवरी तक उदयपुर के एमबी महाविद्यालय में राणा सांगा राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में 92 किलोग्राम भारवर्ग में आयुष के पंच अपने सब प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़े और उन्होंने प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक सहित ट्राफी कब्जा ली। इस आधार पर उनका चयन अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए कर लिया गया।

### मोहाना हत्याकांडः मुख्य आरोपित ने किया सरेंडर

सोनीपत। गांव मोहाना में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपित ने अदालत में सरेंडर कर दिया। थाना मोहाना पुलिस ने कोर्ट में सरेंडर के उपरांत आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सागर उर्फ सत्यवान निवासी गांव मोहाना जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार यह मामला 27-28 सितंबर 2023 की रात का है। मृतक आनंद अपने पिता को साइकिल का खेल देखने जाने की बात कहकर घर से निकला था। बाद में परिजनों को सूचना मिली कि गांव में पुरानी रंजिश के चलते आनंद को घेरकर उस पर हमला किया गया।

# स्वयंसेविकाओं ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाइवेज के निर्देशानुसार जीवीएम गर्ल्स कालेज की यूथ रेडक्रॉस इकाई (वाईआरसी) व रोड सेफ्टी क्लब ने सड़क सुरक्षा महिना मनाते हुए यातायात नियमों की अनुपालना पर बल दिया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सडक़ यातायात नियमों की अनुपालना करनी होगी। रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी डा. स्मिति अग्रवाल व वाईआरसी की प्रभारी डा. पूजा गुलाटी के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें दोनों इकाइयों की सदस्य प्राध्यापिकाओं वंदना सचदेवा व कुसुम ने भी विशेष योगदान दिया। गुरूवार को विशेष रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत क्लब सदस्यों (प्राध्यापिकाओं व छात्राओं) ने सडक़मार्ग व कालेज के मुख्यद्वार पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों की अनुपालना का पाठ पढ़ाया। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों चारपहिया वाहन चालकों को सीट बैल्ट तथा हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान क्लब की ओर से कालेज में शपथ समारोह का आयोजन भी किया गया।

# रागिनी गायन-फाग गीतों की प्रस्तुतियों पर झूमे दर्शक, कलाकारों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गीता विद्या मंदिर (जीवीएम) गर्ल्ज कॉलेज के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित तीन दिवसीय 'लोक स्वर' उत्सव के दूसरे दिन हरियाणवी लोक संस्कृति की सोंधी खुशबू बिखर उठी। गुरुवार को आयोजित हरियाणवी रागनी गायन कार्यक्रम में प्रदेश के लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि छात्राएं और दर्शक अपनी कुर्सियों पर झूमने को मजबूर हो गए। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने लोक स्वर उत्सव के दूसरे दिन के सफल आयोजन की बधाई देते हुए कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि स्पेशल टास्क फोर्स हरियाणा पुलिस डीएसपी इंदीवर शर्मा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. ओ.पी. परूथी तथा प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसके उपरांत अतिथियों एवं कलाकारों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन दिनेश शर्मा द्वारा किया गया। लोक गायिका निशा जांगड़ा ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रागिनी 'गोरखपुर की जेल में बैठा देश धर्म का परवाना' से कार्यक्रम की शुरुआत की।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को सम्मानित करती प्राचार्या साथ में प्रधान एंव अन्य पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर उप-प्राचार्या डा. सुमन नासा, कल्चरल कमेटी सदस्य अर्चना खुराना, डा. प्रियंका व डा. मनीता आदि प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# लाला लाजपत राय को जयंती पर किया नमन

■ युवा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महान स्वतंत्रता सेनानी, पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर बुधवार शाम 7 बजे लाला लाजपत राय अनाज मंडी, सोनीपत में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला मेन, महिला एवं युवा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लाला जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर तथा मोमबत्ती जलाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम सोनीपत नगर निगम के मेयर राजीव जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने लाला लाजपत राय के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि सामाजिक सुधारक, शिक्षाविद् और निर्भीक राष्ट्रवादी चिंतक भी थे। साइमन कमीशन के विरोध में देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले लाला जी ने "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है" जैसे विचारों से राष्ट्र को जागृत किया। उन्होंने देश में शिक्षा, समाज सुधार और राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।

**ये रहे मौजूद**

सुशील गोयल, जितेंद्र गुप्ता, सूरज राय जैन, प्रमोद जैन, सुभाष जिंदल, आशीष जिंदल, प्रदीप बंसल, संगीता मंगला, मोनिका गर्ग, अनीता बंसल, उमा गोयल, विपिन गुप्ता, सुमित गोयल, पंकज बंसल, विवेक गर्ग, पवन तनेजा, मोहित गोयल, रमेश जैन, विनय कंसल, अजय गोयल, विनीत अग्रवाल, अतुल जैन, गोपाल गर्ग, प्रतीक बंसल, संदीप वर्मा, सुरेश गर्ग, अनिल जैन, राजीव गर्ग, पवन गोयल, अशोक, मास्टर दिलबाग सिंह, सतनारायण सरोहा, सचिन गुप्ता, मुकेश मित्तल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

खरखौदा। सोलह वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बंटी गांव खांडा ने पुलिस को सूचित किया कि रिश्ते में उसका साला सूरज निवासी मेरठ उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह 6 - 7 महीने से गांव खांडा में ही उनके साथ रह रहा था। गत 27 जनवरी को खरखौदा में दुकान पर जाने की बात कहकर घर से गया था। जो न तो दुकान पर पहुंचा और न ही वापस लौटा। देर शाम तक उसका इंतजार रहा। इसके बाद आसपास छानबीन की गई, परंतु उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस को सूचना दे दी गई है। जिस पर पुलिस ने गुमशुदा का मामला दर्ज कर लिया है।

### शिक्षा के साथ नशे की बुराई को खत्म करने के लिए काम करें युवा : जैन



सोनीपत। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं में संस्कार रोपित करके समाज सेवा की भावना भरी जाती है ताकि उनके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास हो और वह राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर देश एवं समाज के विकास में अपनी भूमिका निभा सके। उक्त विचार सेवा योजना के एसएम हिन्दू स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कैंप का पांचवे दिन उद्घाटन करते हुए नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा के साथ साथ नशे की बुराई को खत्म करने, पर्यावरण एवं जल संरक्षण तथा स्वच्छता के लिए भी काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का मूल मन्त्र यही था कि युवा आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा इसलिए युवाओं को आजादी आंदोलन के शहीदों से प्रेरणा लेकर निःस्वार्थ भाव से सेवा के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा योजना के माध्यम से सीखे गए सिद्धांत आपके आचरण में परिलक्षित होने चाहिए। कार्यक्रम में हिन्दू स्कूल की प्राचार्या नताशा छाबड़ा, अन्य स्कूलों के सेवा योजना के अधिकारी, पवन स्वामी, राजेश, हरदत्त, देवेंद्र, विकास, वर्षा, समृधि, मोनिका, संजय रानी, पुनिता, सीमा पाराशर एवं सैंकड़ों विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

**शिविर** नगर निगम के विशेष शिविर का दूसरा दिनः वार्ड नंबर 02 और 16 व 17 में आयोजन

# पेयजल-सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 180 आवेदन पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में पेयजल व सीवर कनेक्शन को वैध कराने की प्रक्रिया का वीरवार को दूसरा दिन रहा। नगर निगम ने चार दिवसीय अभियान के अंतर्गत वीरवार को वार्ड नंबर 2 में बीज मार्केट के पास धानक चौपाल, वार्ड नंबर 16 व 17 में सूरी पैट्रोल पंप के पास सर्वजातीय चौपाल में शिविर लगाया। शिविर में लोगों के पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध कराने के लिए दस्तावेज जमा किए गए। दोनों जगह शिविर के माध्यम से कुल 180 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करवाए, जबकि पहले दिन बुधवार को 71 लोगों ने अपने दस्तावेज जमा करवाए थे। अब तक निगम के पास कुल 251 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विशेष शिविर के दूसरे दिन वार्ड नंबर 2 की धानक चौपाल में कुल 6 लोगों ने अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए दस्तावेज जमा करवाए। वहीं वार्ड नंबर 16 व 17 में सूरी पैट्रोल पंप के पास सर्वजातीय चौपाल में लगाए गए विशेष शिविर में कुल 174 लोग अपने दस्तावेज जमा करवाने पहुंचे। निगम अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल शिविर के माध्यम से लोगों के दस्तावेज जमा किए जा रहे हैं। इसके बाद लोगों को फाइल नंबर मोबाइल पर मुहैया करवाकर नगर निगम कार्यालय में फीस जमा करवाने के लिए बुलाया जाएगा। निगम की ओर से 31 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत 30 जनवरी शुक्रवार को वार्ड नंबर 3 स्थित प्रेम टीला सामुदायिक केंद्र व वार्ड नंबर 18, 19, 20 में सेक्टर-23 स्थित फायर ऑफिस में शिविर लगाया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोग 1550 रुपये खर्च कर अपने कनेक्शनों को वैध की श्रेणी में शामिल कर सकते हैं। निगम ने पेयजल कनेक्शन वैध करवाने के लिए 1050 रुपये व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए 500 रुपये शुल्क तय किया है।


सोनीपत। सूरी पैट्रोल पंप के पास सर्वजातीय चौपाल शिविर के दौरान नगर निगम कर्मचारियों को दस्तावेज जमा करवाते लोग। फोटो : हरिभूमि

### वैध कनेक्शन के लिए आवश्यक दस्तावेज

- घर की रजिस्ट्री
- प्रॉपर्टी आईडी बिल
- पानी का मीटर
- पानी के मीटर की फोटो
- आधार कार्ड की प्रति
- एक पासपोर्ट साइज फोटो

### वैध से ज्यादा अवैध कनेक्शनों की संख्या

नगर निगम के विभिन्न वार्डों में अवैध कनेक्शनों का आकड़ा वैध कनेक्शनों पर भारी पड़ रहा है। अधिकारियों की मानें तो निगम क्षेत्र में वैध कनेक्शन की संख्या करीब 53000 है, जबकि अवैध कनेक्शनों का आकड़ा 70000 के पार है। इनमें अवैध कनेक्शनों की संख्या ज्यादा नगर निगम के पश्चिम क्षेत्र रेलवे लाइन पार में है। ऐसे में लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम ने लोगों को अपने पेयजल व सीवर कनेक्शन वैध करवाने के लिए सुनहरा अवसर दिया है। अगर फिर भी लोग मामले में लापरवाही बरतते हैं तो शिविर के बाद ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

### कनेक्शन वैध करवाने का मौका

नगर निगम क्षेत्र में काफी संख्या में पेयजल व सीवर के अवैध कनेक्शन है। फिलहाल विशेष शिविर लगाकर लोगों को अपने कनेक्शन वैध करवाने का मौका दिया गया है। अगर इस अवसर के बाद भी कोई व्यक्ति लापरवाही के चलते अपने पेयजल व सीवर संबंधी कनेक्शन वैध नहीं करवाता है तो शिविर के पश्चात ऐसे लोगों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। लोगों से अपील है कि वह नगर निगम की इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

- हर्षित कुमार, आयुक्त, नगर निगम

परिवार की टूट चुकी थी उम्मीदें एम्स ने भी दे दिया था जवाब

## कैंसर की लास्ट स्टेज की मरीज को आयुर्वेद से मिला जीवनदान

माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान ने किया इलाज



**गोहाना।** प्राचार्य डॉ. एपी नायक, डॉ. अनिल व डॉ. नरेश भार्गव के साथ राजपति देवी व उनका बेटा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां स्थित माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान ने आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। संस्थान के अनुभवी आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से पीड़ित एक महिला के सफल उपचार ने न केवल आयुर्वेद की शक्ति को प्रमाणित किया है, बल्कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ इसके समन्वय की नई संभावनाओं को भी उजगर किया है। जिला हिसार के गांव राजथल निवासी राजपति देवी ने बताया कि वर्ष 2007 में कैंसर की अंतिम अवस्था में उन्हें उपचार हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर बताते हुए घर भेज दिया था। ऐसे कठिन समय में जब परिवार की सारी उम्मीदें टूट चुकी थीं तब अंतिम आशा के रूप में आयुर्वेद चिकित्सा को अपनाया गया। उन्होंने बताया कि माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान में उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में आश्चर्यजनक सुधार हुआ और आज वे एक सामान्य जीवन जी रही हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. अनिल ने बताया कि राजपति देवी के उपचार से उन्हें आयुर्वेदिक चिकित्सा पर आधारित शोध के लिए एक नया और महत्वपूर्ण विषय मिला है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद केवल रोगों का उपचार नहीं करता, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करता है।

### आयुर्वेद भारत की अमूल्य धरोहर

महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणाली को आधुनिक शोध के साथ जोड़कर समाज के हित में उपयोग करना है। कुलपति ने संस्थान के चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और छात्राओं को इस उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक नवाचार की अपेक्षा व्यक्त की।

कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में 15 शिकायतों में से 7 का मौके पर समाधान

# गलत तरीके से पैसों की धोखाधड़ी करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : गौरव गौतम





**सोनीपत।** कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपनी बात रखते हुए शिकायतकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि गांव शाहपुर तुर्क निवासी गुलाब सिंह द्वारा पैसे की धोखाधड़ी से संबंधित शिकायत पर कार्रवाई करते हुए डीसीपी को निर्देश दिए कि इसकी तुरंत जांच की जाए और अगर इसमें संबंधित व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से पैसों की धोखाधड़ी करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि अगर इस प्रकार की कोई शिकायत आपके पास आती है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें।

डीसीपी को तुरंत जांच के निर्देश, दोषियों का बक्शा नहीं जाएगा

### अगली बैठक से पहले करें समाधान

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रखी गई 15 शिकायतों में से राज्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 शिकायतों को मौके पर ही समाधान किया और 8 शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समाधान अगली बैठक तक हो जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी का ईमानदारी से निवर्हन करते हुए लोगों की शिकायतों का तुरंत समाधान करने का प्रयास करें ताकि लोगों को इधर-उधर चक्कर न काटने पड़े। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस भी विभाग से संबंधित शिकायत कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखी जाएं वह विभाग उसकी जानकारी शिकायतकर्ता को समय पर दें ताकि ताकि ज्यादा से ज्यादा शिकायतों का उचित समय पर समाधान हो सके। अगर भविष्य में इस प्रकार की शिकायत मिली कि शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी पहले ही दिन दी गई है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विधायक पवन खरखौदा, उपायुक्त सुशील सारवान, डीसीपी नरेन्द्र कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ. अनमोल, जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज सहित सभी एसीपी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### प्राइवेट बिल्डरों के खिलाफ आई शिकायतें

*बैठक में फरीदाबाद निवासी सुमन रानी ने शिकायत दी कि उसने वर्ष 2023 में गोदरेज ग्रीन एस्टेट सेक्टर-34 में प्लाट खरीदा था। जब उन्होंने प्लाट खरीदा था तो कंपनी के डीलर ने उनसे कहा कि इसे जल्द ही मुनाफे में बिकवा दिया जाएगा लेकिन उन्होंने वह प्लाट नहीं बिकवाया और वह बिमारी के चलते अगली किस्त नहीं जमा कर पाई तो कंपनी ने टर्मिनेशन लेटर जारी कर दिया। इस शिकायत पर राज्यमंत्री ने एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए जिसमें डीटीपी, एसीपी तथा नायब तहसीलदार को शामिल किया जाएगा जो इस मामले की जांच कर शिकायतकर्ता की जमा राशि का रिफंड करवाएगी। पीतमपुरा दिल्ली निवासी माहित सलवान ने शिकायत दी कि उसकी मां के नाम टीडीआई सिटी कुण्डली में एक विले था जो उसकी मां ने वर्ष 2018 में उसके नाम पारिवारिक हस्तातंरण करवाया था लेकिन वर्ष 2025 में उसी विले का गलत तरीके से दोबारा पारिवारिक हस्तातंरण नेहा सलवान ने अपने नाम करवा लिया। इस शिकायत पर राज्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि इसकी जांच करें और अगर किसी प्रकार की धोखाधड़ी हुई है तो धोखाधड़ी करने वाले पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने सेक्टर-26 मैपस्को के लोगों द्वारा कंपनी के खिलाफ सुविधाएं उपलब्ध न करवाने की शिकायत पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिए और कहा कि इन लोगों को बुलाकर इनकी समस्याओं को सुनों और उन्हें तुरंत दूर करवाना सुनिश्चित करें।*

### ये शिकायतें भी आईं

राज्यमंत्री ने बैंयापुर खुर्द निवासी अनीता की शिकायत पर एसीपी को निर्देश दिए कि वे स्वयं इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनीता के गायब हुए पुत्र की तलाश करवाएं। इसके अलावा सोनीपत निवासी सुनीता की एक अन्य शिकायत पर उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को निर्देश दिए कि वे संबंधित महिला को किसी अन्य प्राईवेट कंपनी में नौकरी दिलवाएं। गांव पांची जाटान के लोगों द्वारा ग्राम शामलात की जमीन पर निर्मित मकानों की किमत अदा कर उन्हें मालिकाना हब दिलवाने की शिकायत पर उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिए कि सरकार की योजना के अनुसार इस मामले में कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### पंचायती जमीन पर तुरंत हटवाएं कब्जा

बैठक में गांव भटाना जाफराबाद निवासी महेन्द्र की पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा से संबंधित शिकायत पर उन्होंने संबंधित तहसीलदार व बीडीपीओ को निर्देश दिए कि तुरंत इस तालाब व पंचायती जमीन की निशानदेही करवाएं और अगर किसी व्यक्ति का अवैध कब्जा है तो उसे तुरंत छुटवाएं। गांव शहजादपुर निवासी कृष्ण कुमार की सरपंच द्वारा जोहड पर करवाए गए अवैध कब्जे से संबंधित शिकायत पर राज्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसकी जांच की रिपोर्ट को तुरंत न्यायालय में जमा करवाएं। राज्यमंत्री गौतम ने गांव खेडी मनाजात निवासी पिंकी की शिकायत पर एसीपी को निर्देश दिए कि वह दोनों पक्षों को बुलाएं और जमीन से संबंधित उनके मामलों का समाधान करवाना सुनिश्चित करें।

## घर में जबरन घुसकर हमला किया, केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव कैलाना में जान से मारने के इरादे से मारपीट, घर में जबरन घुसकर हमला करने व अवैध रूप से बंधक बनाने के आरोप में गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है।। पीड़ित कुलदीप सिंह गांव कैलाना ने थाना गन्नौर में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में ग्रामीण कुलदीप सिंह ने बताया कि 28 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे के बीच वह अपने घर केअंदर बने ट्रैक्टर वाले बरामदे में था, जबकि उसकी पत्नी मंजू घर के अंदर कार्य कर रही थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग डंडे लेकर जबरन घर में घुस आए और जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी और उग्र हो गए तथा 5-6 बार डंडों से वार किए। इसके बाद आरोपियों ने उसकी पत्नी मंजू के साथ भी बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई।

## प्री-बजट बैठक में विधायक ने रखीं विकास की मांगें

*सरकारी कॉलेज भवन, फोरलेन सड़क और यमुना क्षेत्र में बाढ़ रोकथाम के लिए बजट प्रावधान की मांग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रदेश सरकार की ओर से पंचकूला में बुलाई गई प्री-बजट बैठक में गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने हलके के विकास को गति देने वाली कई अहम मांगें रखीं। विधायक ने अपनी मांगें सरकार को लिखित रूप में सौंपते हुए आगामी बजट में इसके लिए प्रावधान करने की मांग की। विधायक कादियान ने गन्नौर शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को गंभीर बताते हुए शहर के बाहर प्रस्तावित बाइपास के शीघ्र निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि बाइपास बनने से शहर जाममुक्त होगा और यातायात व्यवस्था सुधरेगी। जब तक स्थायी बाइपास नहीं बनता, तब तक राजपुरा माइनर (खुबड़ू हेड) से शेखपुरा और अगवानपुर होते हुए बड़ी गांव जीटी रोड तक माइनर की पटरी पर पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनाकर वैकल्पिक बाइपास विकसित करने का सुझाव दिया। विधायक ने यमुना किनारे बसे गांवों में बरसात के दौरान आने वाली बाढ़ की समस्या का मुद्दा उठाते हुए स्थायी बाढ़ नियंत्रण उपायों की मांग की। गन्नौर में वर्ष 2023-24 से संचालित सरकारी कॉलेज के लिए स्थायी भवन निर्माण की जरूरत पर जोर दिया। शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर विधायक ने गन्नौर के प्रमुख प्रवेश द्वारों पर स्वागत द्वार निर्माण और जीटी रोड से रेलवे स्टेशन तक मार्ग के सौंदर्यीकरण की मांग की। इसके अलावा गन्नौर से खानपुर होते हुए गोहाना तक बढ़ते यातायात को देखते हुए इस मार्ग को फोरलेन करने की मांग रखी।



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने हलके के विकास के लिए अहम मांगें रखते हुए

## फर्जी रजिस्ट्री मामले पर भड़की किसान मजदूर यूनियन

**गन्नौर।** गन्नौर तहसील में सामने आए फर्जी रजिस्ट्री मामले को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनियन भी भड़क गई है। फर्जी रजिस्ट्री प्रकरण में आरोपित नायब तहसीलदार के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई न होने से नाराज यूनियन के प्रदेश महासचिव विरेंद्र पहल ने तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गन्नौर तहसील भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है। बिना पैसों के यहां कोई काम नहीं होता। अब फर्जी रजिस्ट्री मामले में भ्रष्ट अधिकारी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इतने फर्जीवाड़े सामने आने के बावजूद यदि कोई अधिकारी कार्रवाई से बच रहा है, तो यह संकेत करता है कि इस भ्रष्टाचार में उच्च स्तर तक की संलिप्तता हो सकती है।

## बेटियों के जन्म पर नसबंदी कराने वाले दंपतियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर उपमंडल अस्पताल में लिंगानुपात को संतुलित करने और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से अनूठी पहल की। केवल दो या तीन बेटियों के जन्म के बाद स्वेच्छा से नसबंदी कराने वाले दंपतियों को बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने आगे बढ़कर सहयोग करते हुए दो महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर सम्मानित किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद ने बताया कि उपमंडल अस्पताल में प्रसव के लिए दो महिलाएं आई थीं। पहली महिला अंजली, निवासी केडी नगर गन्नौर, जिनकी पहले से एक बेटी थी, जबकि दूसरी महिला मुन्नी, निवासी गांव मलिकपुर, जिनकी पहले से दो बेटियां थीं। दोनों महिलाओं ने प्रसव के बाद फिर से बेटियों को ही जन्म दिया। एसोसिएशन प्रधान अमित गोयल, सचिव संजय जैन चिल्ली ने बताया कि प्रेरक निर्णय के बाद अस्पताल स्टाफ ने विचार किया कि इन महिलाओं को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। एसोसिएशन की ओर से दोनों महिलाओं को 51-51 सौ रुपये के चेक देकर सम्मानित किय।, कार्यक्रम में बड़ी इंडसट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के सदस्य विनोद जैन, संजय जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कौशिक, हेल्थ इंस्पेक्टर रमेश धनखड़, जोगेंद्र शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

- लिंगानुपात संतुलन के लिए गन्नौर उपमंडल अस्पताल की अनूठी पहल



## अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा

**खरखौदा।** जिला महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा गांव फिरोजपुर बांगर व हलालपुर में बने अवैध निर्माणों एवं अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए वीरवार को पीला पंजा चलाया गया। एसएमडीए की एन्फोर्समेंट टीम द्वारा गांव फिरोजपुर बांगर की राजस्व सीमा में 1 अवैध कॉलोनी, 2 अवैध निर्माणाधीन औद्योगिक भवन तथा लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल रोड को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त फिरोजपुर बांगर की ही राजस्व सीमा में 3 एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी में बने 2 औद्योगिक शेड तथा 3 एकड़ में फैले रोड को भी गिराया गया। गांव हलालपुर में निर्माणाधीन 4 लेबर क्वार्टर एवं 3 दुकानों को तोड़कर कार्रवाई करते हुए पूर्णतः ध्वस्त किया गया। विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर नियंत्रित क्षेत्र में पनप रही अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माणों को प्रारंभिक अवस्था में ही ध्वस्त किया जा रहा है।

## महान संत थे गुरु रविदास : पौड़िया

**गोहाना।** आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा द्वारा गुरुवार को गढ़ी सराय नामदार खां में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का करहा। मुख्य अतिथि संत शिरोमणि गुरु रविदास सभा के सचिव सतबीर पौडिया ने कहा गुरु रविदास मध्यकाल में एक भारतीय महान संत एवं कवि सतगुरु थे। वे अपनी निर्गुण भक्ति, समानतावादी दर्शन और जाति भेदभाव के कड़े विरोध के कारण प्रसिद्ध हुए। उनके भक्ति पूर्ण 40 से 41 पद सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। मन चंगा तो कटौती में गंगा जैसी प्रसिद्ध कहावत उनके सादगी पूर्ण जीवन और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

समाधान शिविर में उठी समस्या

## पेंशन के लिए भटक रही विधवाएं व बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत जिला अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में समाजसेवी मनजीत तिहाड़ा के नेतृत्व में दर्जनों फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। समाधान शिविर में यह सामने आया कि जिले में प्रतिदिन सैकड़ों बुजुर्ग महिलाएं नई पेंशन बनवाने और काटी गई पेंशन दोबारा शुरू करवाने के लिए कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। तिहाड़ कलां निवासी 75 वर्षीय लक्ष्मी ने बताया कि वह अकेली महिला हैं और वर्षों से सरकार की वृद्धावस्था पेंशन पर निर्भर हैं। इस माह पेंशन न मिलने से वह परेशान हैं। उनके पास 1994 में जारी पहचान पत्र है, जिसमें उम्र 42 वर्ष दर्ज है तथा परिवार पहचान पत्र में भी आय पात्रता के अनुरूप है, इसके बावजूद पेंशन काट दी गई। समाधान शिविर में अधिकारियों ने पेंशन बनाने के आदेश दिए, लेकिन संबंधित विभाग में सुनवाई नहीं हुई और उन्हें बार-बार इधर-उधर भेजा गया। अंबेडकर कॉलोनी खेवड़ा की संजय देवी ने बताया कि वह छह माह से विधवा पेंशन के लिए प्रयास कर रही हैं। कभी साइट न चलने तो कभी फाइल लंबित होने का बहाना बनाकर टाल दिया जाता है, अब उनका राशन कार्ड भी काट दिया गया है।



## देश के विकास के लिए जाति और धार्मिक मान्यताओं से ऊपर उठकर कार्य करना ही राष्ट्र प्रेम : संजय



**गोहाना।** देश प्रेम से बड़ा कोई धर्म और पूजा नहीं है। देश की एकता, सुरक्षा और विकास के लिए व्यक्तिगत स्वार्थ, जाति और धार्मिक मान्यताओं से ऊपर उठकर कार्य करना ही राष्ट्र प्रेम है। ये विचार कुश्ती कोच संजय कुमार धनाना ने व्यक्त किए। वे अपनी पत्नी कमलेश दत्त के साथ एक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र निर्माण विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। मुख्य अतिथि संजय कुमार ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों की राष्ट्रभक्ति होती है। राष्ट्रभक्ति की भावना ही देश के प्रति सच्चा समर्पण है। लोगों का यही समर्पण भाव देश को विकास के पथ पर लेकर जाता है। संजय कुमार की धर्मपत्नी कमलेश दत्त ने कहा कि देशभक्ति का अर्थ केवल नारेबाजी नहीं, बल्कि देश की संस्कृति की रक्षा, ईमानदारी से काम करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है। देश प्रेम को अक्सर मानवता के साथ जोड़कर देखा जाता है, जहां राष्ट्र के प्रति समर्पण को सच्चा धर्म माना गया है। देशभक्ति देश के प्रति प्रेम, सम्मान और रक्षा की भावना को सर्वोच्च रखना है, जो राष्ट्र की उन्नति का आधार है।

फरीदाबाद में सूरजकुंड मेला कल से, विभाग बढ़ा सकता है बसों की संख्या

# सोनीपत-सालासर रूट पर चलने वाली रोडवेज बस के मार्ग में परिवर्तन, अब रोहतक, चरखी दादरी से पहुंचेगी धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोडवेज विभाग ने सोनीपत से सालासर रूट पर चलने वाली बस के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। उक्त बस का अब सोनीपत से रोहतक, चरखी दादरी होते हुए सालासर तक परिचालन किया जाने लगा है। पहले यह रोडवेज बस भिवानी, पिलानी के रास्ते सालासर तक चलाई जा रही थी। अधिकारियों की मानें तो यात्री की संख्या कम होने के चलते रोडवेज बस के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

### फिलहाल इस रूट पर 8 बसों का परिचालन किया जा रहा

वहीं फरीदाबाद में कल से सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की शुरुआत हो रही है। अगर इस रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ती है, तो बसों की संख्या को भी बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल इस रूट पर सोनीपत व गोहाना से 8 बसों का परिचालन किया जा रहा है। धार्मिक यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों व यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज विभाग ने जनवरी के पहले सप्ताह में सालासर धाम के लिए सीधी बस सेवा शुरू की थी। इससे पहले 20 दिसंबर 2025 से इस रूट पर ट्रायल शुरू किया गया था। इसके बाद 6 जनवरी से सालासर धाम के लिए नियमित बस सेवा के शुरुआत भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने हरी झंडी दिखाकर की थी। भिवानी व पिलानी रूट पर बस यात्री की संख्या कम होने के चलते विभाग ने अब उक्त बस सेवा का रोहतक, चरखी दादरी से सालासर धाम तक परिचालन शुरू किया है। अब यात्री बाढड़ा, लोहारू, राजगढ़, चिड़ावा, झुंझुनूं, फतेहपुर व मंढावा होते हुए सालासर धाम पहुंच सकेंगे। पहले यात्रियों को दिल्ली या रोहतक होकर जाना पड़ता था, लेकिन अब वह सोनीपत से सीधे सालासर जाने लगे हैं।



### बीच मार्ग के यात्रियों को भी मिलेगा लाभ

सोनीपत बस अड्डा से सालासर के लिए बस को सुबह 10:00 बजे रवाना किया जाता है, जो शाम 7 बजे अपनी यात्रा सालासर धाम में संपन्न करती है। बस के परिचालन से सोनीपत व सालासर के बीच रास्ते में पड़ने वाले जिलों व कस्बों के यात्रियों को भी इस सीधी सेवा से लाभ मिलेगा। वापसी में यह बस अगले दिन सुबह 6:30 बजे सालासर से सोनीपत के लिए अपनी यात्रा शुरू करती है।

### यात्रियों की बढ़ सकती है संख्या

*फरीदाबाद में 31 जनवरी शनिवार को 16 दिवसीय सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में अगर सोनीपत से फरीदाबाद रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ती है जो रोडवेज विभाग इस रूट पर बसों के परिचालन की संख्या में इजाफा कर सकता है। फरीदाबाद में 31 जनवरी से 15 फरवरी तक सूरजकुंड मेले का आयोजन किया जाएगा।*

### सुविधा के लिए किया बदलाव

*तीर्थ यात्रियों की सुविधा के चलते विभाग ने सोनीपत से सालासर जाने वाली रोडवेज बस के मार्ग में बदलाव किया है। उक्त बस का परिचालन अब रोहतक, चरखी दादरी, झुंझुनू के रास्ते सालासर धाम तक शुरू किया गया है। अगर सूरजकुंड मेले के चलते फरीदाबाद रूट पर यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो इस रूट पर भी बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।*

*सुरेंद्र दुग्गल, एसएस, रोडवेज डिपो*